# ड्राफ़्ट सामुदायिक रणनीतिक योजना 2018 – 2038 (2022 अपडेट)

डिजिटल सारांश

CITY OF PARRAMATTA

Butbutt Yura Barra Ngurra
“ईल इलाके के लोगों का दिल”

# सामुदायिक रणनीतिक योजना (CSP) के बारे में

## CSP क्या है?

काउंसिलों के लिए NSW सरकार के अनिवार्य एकीकृत योजना और रिपोर्टिंग ढांचे के हिस्से के रूप में विकसित, सामुदायिक रणनीतिक योजना, काउंसिल द्वारा तैयार की जाने वाली योजना का उच्चतम स्तर है।

यह समुदाय के दीर्घकालिक नज़रिये और सिटी के लिए वांछित परिणामों, और उन्हें प्राप्त करने के लिए रणनीतियों और सफलता को मापने के संकेतकों की रूपरेखा तैयार करती है।

हमारे CSP को मूल रूप से 2018 में काउंसिल द्वारा 15,000 से अधिक लोगों के साथ महत्वपूर्ण सामुदायिक जुड़ाव के बाद अनुमोदित किया गया था

## CSP में नया क्या है?

2018 में इस CSP की प्रारंभिक स्वीकृति के चार साल बाद, काउंसिल ने इन वर्षों के दौरान किए गए परिवर्तनों के बाद हमारी सिटी के संदर्भ को प्रतिबिंबित करने के लिए योजना की समीक्षा की और उसमें संशोधन किए हैं।

जबकि उच्च स्तरीय सामुदायिक दृष्टि और लक्ष्य वही रहते हैं, नवीनतम CSP ने यह पहचानने के लिए कि किस सफलता से 2036 में हमारे सिटी कैसी होगी, ज़्यादा मजबूत सामुदायिक परिणाम पेश किए हैं।

इसने इन परिणामों को प्राप्त करने के लिए सिटी के लिए रणनीतिक कार्रवाइयों को भी ताज़ा किया है, और इन परिणामों की दिशा में हमारी प्रगति को ट्रैक करने के लिए कुछ और विशिष्ट संकेतक पेश किए हैं।

# हमारी अपडेट की गई रणनीतिक कार्रवाइयां

## निष्पक्ष

हम सभी अपनी सिटी और आस-पड़ोस से मिलने वाले अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

इसे हासिल करने के लिए हमारी रणनीतिक कार्रवाइयां हैं:

- F.1.1 ऐसे गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक स्थानों, सामुदायिक बुनियादी ढांचे और सेवाओं के समान प्रावधानों को सुगम बनाना जो सामुदायिक स्वास्थ्य, कल्याण और लचीलापन को बढ़ाते हैं।
- F.2.1 शिक्षा, सीखने और स्वयंसेवा के ऐसे अवसर प्रदान करना जो लोगों को समुदाय में बढ़ने और योगदान करने में सक्षम बनाते हैं।
- F.3.1 किफायती आवास सहित ऐसे गुणवत्तापूर्ण आवास विकल्पों की योजना बनाना और उनकी हिमायत करना, जो जीवन के सभी चरणों में हमारे विविध समुदाय की जरूरतों का समर्थन करते हैं।
- F.4.1 सभी को अपने दृष्टिकोण साझा करने, उनकी बात सुने जाने और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को प्रभावित करने के अवसर प्रदान करना।
- F.4.2 प्रभावी, ज़िम्मेदार और नैतिक सिटी लीडरशिप और ज़िम्मेदार वित्तीय प्रबंधन उपलब्ध कराना, जो समुदाय की ज़रूरतों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करते हों।

## पहुंच योग्य

हम सभी भाग ले सकते हैं और जहां भी जाना चाहते हैं वहां पहुंच सकते हैं।

इसे हासिल करने के लिए हमारी रणनीतिक कार्रवाइयां हैं:

- A.1.1 हमारी सिटी और सेवाओं की योजना यूनिवर्सल डिजाइन सिद्धांतों के साथ बनाना, ताकि वे सभी के लिए सुलभ हों।
- A.2.1 हमारे आस-पड़ोस और ग्रेटर सिडनी क्षेत्र को जोड़ने के लिए सार्वजनिक परिवहन की हिमायत करना।
- A.2.2 पैदल चलने वालों और बाइक चलाने वाले लोगों के लिए हमारी सिटी को सुरक्षित, न्यायसंगत और मनोरंजक नेटवर्क से जोड़ना।
- A.2.3 परिवहन परिणामों में सुधार करने वाली सड़कें डिलीवर करना और उनकी हिमायत करना।

## स्वागत करने वाला

हम अपनेपन को बढ़ावा देते हैं और संस्कृति और विविधता को महत्व देते हैं।

इसे हासिल करने के लिए हमारी रणनीतिक कार्रवाइयां हैं:

- W.1.1 Dharug लोगों को इस भूमि के पारंपरिक संरक्षक के रूप में स्वीकार करना, और Parramatta को एक City of Reconciliation बनाना जो First Nations सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देती है ।
- W.2.1 पहल, कार्यक्रमों और सुविधाओं के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव, संस्कृति और सामाजिक समावेश को प्रोत्साहित करना और उन्हें महत्व देना।
- W.2.2 हमारे साझा इतिहास, विरासत और स्थानों का सम्मान करना और उनकी रक्षा करना।
- W.3.1 सामुदायिक सुरक्षा का समर्थन करने वाले स्थानों और कार्यक्रमों का निर्माण करना और उनके लिए सुविधा प्रदान करना।

## हरा-भरा

हम अपने पर्यावरण की परवाह करते हैं

इसे हासिल करने के लिए हमारी रणनीतिक कार्रवाइयां हैं:

- G.1.1 Parramatta River और उसकी सहायक नदियों की गुणवत्ता में वृद्धि करना और एकीकृत जल चक्र प्रबंधन की हिमायत करना।
- G1.2 हमारे प्राकृतिक पर्यावरण, बुशलैंड और जैव विविधता की गुणवत्ता की रक्षा और उनकी वृद्धि करना।
- G.2.1 हमारे पार्कों, खेल के मैदानों और मनोरंजन क्षेत्रों की कार्यक्षमता और पर्यावरणीय प्रदर्शन में सुधार करना।
- G.3.1 सिटी और समुदाय में कुल शून्य कार्बन उत्सर्जन पर जाने के समाधान उपलब्ध कराना
- G.3.2 संसाधनों के उपयोग और प्रबंधन के लिए अभिनव समाधान प्रदान करने के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना।
- G.4.1 बाढ़ और शहरी गर्मी जैसे प्रमुख जलवायु खतरों के लिए तैयारी करके सिटी के लचीलेपन और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन को एम्बेड करना।

## संपन्नता

हम समृद्ध समुदायों और उद्योगों के साथ देश की अग्रणी सिटी हैं।

इसे हासिल करने के लिए हमारी रणनीतिक कार्रवाइयां हैं:

- T.1.1 आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और स्थिरता के परिणामों को प्राप्त करने के लिए उद्योग और सरकार के बीच अग्रणी भागीदारी।
- T.1.2 सिटी के विकास का समर्थन करने के लिए सिटी को आकार देने वाले बुनियादी ढांचे और सेवाओं को वितरित करने के लिए सार्वजनिक और निजी निवेश को बढ़ावा देना।
- T.2.1 संपन्न अर्थव्यवस्थाओं के साथ जीवंत और टिकाऊ केंद्रों की योजना बनाना ।
- T.2.2 पर्यटन, कला और संस्कृति में सबसे आगे होकर एक दिलचस्प सिटी बनाना, जहां लोग खेलने के लिए आएँ, चाहे दिन-हो या रात।
- T.3.1 विकास, व्यापारों में बढ़ोतरी और उन्हें कायम रखना, रोजगार केंद्रों और उद्योग के विकास का समर्थन करना।
- T.3.2 स्थानीय नौकरियों की वृद्धि में तेजी लाना और रोजगार के अवसर पैदा करना जिससे समुदाय और सिटी को लाभ हो।

## अभिनव

हम बेहतर भविष्य बनाने के लिए नए विचारों का समर्थन करते हैं।

इसे हासिल करने के लिए हमारी रणनीतिक कार्रवाइयां हैं:

- I.1.1 एक मजबूत योजना तंत्र लागू करना।
- I.2.1 Parramatta में नवाचार के अवसर और निरंतर सुधार का समर्थन करना।
- I.2.2 एक ऐसी स्मार्ट सिटी पहल प्रदान करना जो डेटा संचालित निर्णय लेने का समर्थन करें और Parramatta में रहने वाले लोगों के जीवन के अनुभव में सुधार करे।
- I.3.1 बढ़ने और फलने-फूलने के लिए अग्रणी अनुसंधान, शिक्षा और स्टार्ट-अप को आकर्षित और समर्थन करना।

# अपनी बात कैसे कहें

आप निम्न तरीकों से अपडेट की गई सामुदायिक रणनीतिक योजना पर फ़ीडबैक प्रदान कर सकते हैं:

**ऑनलाइन** काउंसिल की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रतिक्रिया सबमिट करें: participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/community-strategic-plan-2022-update

**ईमेल** परियोजना टीम से corporatestrategy@cityofparramatta.nsw.gov.au पर विषय पंक्ति ***'Feedback on the draft Community Strategic Plan'*** के साथ संपर्क करें।

**सभी प्रस्तुतियाँ मंगलवार 7 जून 2022 को शाम 5:00 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहिए। आपकी प्रतिक्रिया जून के अंत में काउंसिल को प्रस्तुत की जाएगी।**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया सोमवार से शुक्रवार तक 9806 5137 पर सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे के बीच कॉल करें।

---

अगर आप किसी से फोन पर दूसरी भाषा में बात करना चाहते हैं, तो TIS National को नि:शुल्क दुभाषिया सेवा के लिए 131 450 पर कॉल करें। उन्हें बताएं कि आप City of Parramatta काउंसिल से बात करना चाहते हैं और उन्हें अपनी चुनी हुई भाषा बताएँ और वे आपको जोड़ देंगे।